1.5 / 2.1

# प्रतिवेदन/औचित्य एवं आवश्यकता

परियोजना का नाम :– माननीय मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 229/2015 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र रानीखेत में गनियाद्योली–विशालकोट मोटर मार्ग का ग्राम टाना तरस्वार कोठिया डौनी होते हुए विशालकोट की ओर 3 किमी. मोटर मार्ग।(3.00किमी.)(0.900है0)

उपरोक्त मोटर मार्ग की स्वीकृति शासनादेश सं. 1835/III(2)/15–03(मा.मु.घो.)/2015 दिनांक 19.03.2015 के द्वारा 3.00 किमी. लम्बाई हेतु रू. 28.72 लाख मात्र के लिए प्राप्त हुई है। इस मोटर मार्ग के निर्माण की मांग क्षेत्रीय जनता एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से लगभग 4 ग्रामसभाओं को आर्थिक एवं व्यापारिक लाभ मिलेगा तथा जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय रानीखेत के साथ–साथ रेल हैड काठगोदाम/रामनगर से सीधे यातायात से जुड़ने की सुविधा प्राप्त होगी। इस मार्ग के बनने से स्थानीय कास्तकारों द्वारा अपने खेतों में उगाई फसल, फल, सब्जी आदि को बाजार में विपणन हेतु सुविधा होगी, जिससे स्थानीय जनता को रोजगार प्राप्त होगा व पलायन की कमी के साथ–साथ पयर्टन को भी बढावा मिलेगा। इस हेतु सिविल बेनाप भूमि 0.900है0 वनभूमि के हस्तान्तरण हेतु प्रस्ताव गठित किया गया है।

अपर सहायक अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
रानीखेत

सहायक अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
रानीखेत

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
रानीखेत